दिन– सोमवार दिनांक– 18 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. महिला एशियाई हॉकी चैंपियन्स ट्रॉफी के सेमीफाइनल में भारत की टीम कल जापान से खेलेगी। पहले सेमीफाइनल में चीन और मलेशिया का होगा मुकाबला।

02. बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने एसटीईटी परीक्षा परिणाम जारी किया। चार लाख तेईस हजार अभ्यर्थियों में दो लाख सत्तानवें हजार हुए पास।

03. पूर्व–मध्य रेलवे ने छठ बाद पूजा स्पेशल गाड़ियों का परिचालन विस्तार किया। कई विशेष रेलगाड़ियां तीस नवंबर तक चलेंगी।

04. और, राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकतर हिस्सों में पछुआ हवा के प्रभाव से ठंड में बढोत्तरी

———————————————————————

राजगीर में आयोजित एशियन महिला हॉकी चैंपियन्स ट्रॉफी प्रतियोगिता का दोनों सेमी फाइनल मुकाबला कल खेला जायेगा। पहले सेमीफाइनल में चीन और मलेशिया की टीमें आमने–सामने होगी। जबकि दूसरे सेमी फाइनल मुकाबले मे अंक तालिका में पन्द्रह अंक लेकर शीर्ष पर रही भारतीय टीम का मुकाबला जापान से होगा। यह मैच संध्या चार बजकर पैंतालीस मिनट पर शुरू होगा। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बीस नवंबर को खेला जायेगा।

———————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा–एसटीईटी दो हजार चौबीस का परिणाम जारी कर दिया है। बोर्ड के अध्यक्ष आनन्द किशोर ने बताया कि परीक्षा में दो लाख सत्तानवें हजार सात सौ सैंतालीस अभ्यर्थी सफल हुए हैं।

–––बाईट–––

श्री किशोर ने बताया कि परीक्षा परिणाम में मेधा क्रमांक का उल्लेख नही किया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तीर्ण अभ्यर्थी बीपीएससी और शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में भाग ले सकेंगें।

———बाईट———

विस्तृत परिणाम बिहार बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट सेकेंडरी डॉट बिहार बोर्ड ऑनलाइन डॉट कॉम पर देखा जा सकता है।

———————————————————————————

हाल में शुरू किए गए आयुष्मान वय वंदना कार्ड ने सत्तर वर्ष और उससे अधिक आयु के दस लाख से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को नामांकित करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह कार्ड वृद्ध नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अनंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। एक रिपोर्ट

———बाईट———

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 29 अक्टूबर को लॉन्च किए जाने के तीन सप्ताह के भीतर हासिल की गई है। आयुष्मान वय वंदना कार्ड के तहत अब तक नौ करोड रूपये खर्च किये गए हैं। जिसमें 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के चार हजार आठ सौ से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को लाभ हुआ है, जिनमें 1,400 से अधिक महिलाएँ शामिल हैं। इस कार्ड के तहत कई गंभीर बीमारियों में इलाज की सुविधा मिलती है। इस वर्ष सितंबर में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पीएम–जेएवाई के एक महत्वपूर्ण विस्तार को मंजूरी दी थी, जो 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए है। इस कदम का उद्देश्य चार दशमलव पांच करोड़ परिवारों के लगभग 6 करोड़ रिष्ठ नागरिकों को लाभ पहुंचाना है। योजना के लाभों तक पहुंचने के लिए एबी पीएम–जेएवाई के तहत एक नया और अलग कार्ड प्राप्त होगा। पल्लवी की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से करिश्मा राय।

———————————————————————————

राष्ट्रीय युवा महोत्सव दो हजार पच्चीस अगले वर्ष ग्यारह और बारह जनवरी को विकसित भारत युवा नेताओं के संवाद के रूप में मनाया जाएगा। केंद्रीय युवा कार्य और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह मंच देश की युवा शक्ति को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष बातचीत करने और अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करेगा।

———बाईट———

हम देश के कौने–कौने से सभी युवाओं को इस कार्यक्रम में जोड़ना चाहते हैं। due this talent and opportunity to present their vision before the honorable prime minister modiA हम अपने आइडिया शेयर करने के लिए, अपनी बात करने के लिए दिल्ली में दो दिन का कार्यक्रम आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में यह देश युवा अलग–अलग थीम के द्वारा आएंगे।

———————————————————————————

विधान परिषद की तिरहुत स्नातक सीट पर पांच दिसम्बर को होने वाले उप चुनाव के लिए आज नामांकन का कार्य समाप्त हो गया। उप चुनाव के लिए नामांकन करने वालों में जदयू के अभिषेक झा, राजद के प्रोफेसर गोपी किशन और जनसुराज के डॉ. विनायक गौतम प्रमुख हैं। कल नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि इक्कीस नवम्बर तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकते हैं।

---

रेलवे ने छठ पूजा के बाद अपने गंतव्यों की ओर लौट रहे यात्रियों की सुविधा के लिए चलाई जा रही छह जोड़ी स्पेशल ट्रेन की परिचालन अवधि में विस्तार किया है। विस्तारित कार्यक्रम के तहत अब कई विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन तीस नवंबर तक किया जायेगा। पूर्व–मध्य रेल के मुख्य जन संपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि पटना–नई दिल्ली–पटना स्पेशल ट्रेन अब तीस नवंबर तक चलेगी। वहीं, दानापुर–आनन्द विहार स्पेशल, दरभंगा–आनन्द विहार स्पेशल, सहरसा–आनन्द विहार स्पेशल और सहरसा–अंबाला कैंट स्पेशल ट्रेनों का परिचालन अवधि का विस्तार अट्ठाईस नवंबर तक दो–दो अतिरिक्त फेरो के लिए किया गया है।

---

बेगूसराय के सिमरिया स्थित राजेंद्र सेतु का सड़क मार्ग कल रात्रि दस बजे से परसो सुबह छह बजे तक पूरी तरह बंद रहेगा। निर्माण कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर अरुण कुमार गुप्ता ने बताया कि पुल पर स्पैन नंबर तेरह के पास मरम्मत कार्य के चलते वाहनों की आवाजाही रोकी गई है।

---

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आज कहा कि अवैध खनन और ढुलाई को रोकने के लिए वाहनों में जीपीएस ट्रैकिंग की व्यवस्था की गई है। इसकी निगरानी की जानकारी अब वाहन मालिकों को भी दी जायेगी। उन्होंने आज ट्रक एसोसिएशन के पदाधिकारियों से पटना में मुलाकात की।

———बाईट———

——————————————————————————

कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने किसानों को अनुदान पर अधिक से अधिक कृषि यंत्र उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया है। श्री पांडेय ने निर्देश दिया की जिन किसानों को डीजल अनुदान के मद में राशि बकाया है, उन्हें पन्द्रह दिनों के भीतर राशि का भुगतान किया जाए। कृषि मंत्री ने आज पटना स्थित कृषि भवन में समीक्षा बैठक कर राज्य में चल रही विभिन्न कृषि योजनाओं की समीक्षा की।

——————————————————————————

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा है कि उनकी पार्टी जमीनी स्तर पर एनडीए को मजबूत करने का काम कर रही है। श्री कुशवाहा ने बिहार यात्रा के चौथे चरण के तहत आज समस्तीपुर में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि अगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन की जीत निश्चित है। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान वे बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का प्रयास कर रहे हैं और लोग बड़ी संख्या में रालोमो के सदस्यता अभियान से जुड़ रहे हैं।

———बाईट———

——————————————————————————

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा है कि हिन्दी भाषा और साहित्य के विकास के लिए इसे दिल से अपनाना होगा। श्री आर्लेकर आज मुजफ्फरपुर में लंगट सिंह महाविद्यालय परिसर स्थित गोवा की पूर्व राज्यपाल और पद्म श्री डॉक्टर मृदुला सिन्हा की प्रतिमा के अनावरण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डॉक्टर मृदुला सिन्हा ने हिन्दी भाषा के उत्थान के लिए काफी प्रयास किया और बिहार की लोक संस्कृति को साहित्य के माध्यम से लोगों के सामने लाया।

——————————————————————————

राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकतर भागों में पछुआ हवा के प्रभाव से ठंड में बढोतरी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार विभिन्न स्थानों पर तापमान मे दो से तीन डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान बांका राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। जहां का न्यूनतम तापमान बारह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया  गया। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों तक पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, दरभंगा, अररिया, पूर्णियां समेत राज्य के उत्तरी भागों में अनेक स्थानों पर सुबह और शाम के समय मध्यम स्तर का कुहासा छाया रहेगा। प्रदेश के कुछ भागों में ठंड बढ़ सकती है। हालाकि रात के तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नही है।

————————————————————————

सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने आज सोनपुर मेला में सहकारिता विभाग के विशेष मंडप का उद्घाटन किया। इस मंडप के माध्यम से सहकारिता विभाग की विभिन्न योजनओं की जानकारी दी जा रही है। इधर, ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री अशोक चौधरी ने भी सोनपुर मेला में विभाग के मंडप का उद्घाटन किया।

————————————————————————

पुलिस महानिदेशक आलोक राज ने कहा कि पुलिस विभाग अपने कर्मियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। आज सोनपुर मेला में पुलिस विभाग की प्रदर्शनी के उद्घाटन के बाद समारोह को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों के हितों को ध्यान में रखते हुए पुलिस कल्याण कोष की स्थापना की गई। वर्तमान में पुलिसकर्मियों को चिकित्सा एवं शिक्षा हेतु 40 विभिन्न प्रकार की बीमारियों के लिए मिलने वाली अनुदान राशि को दोगुना कर दिया गया है और बीमारियों की स्थिति में बिना ब्याज के तीन लाख रुपए तक का ऋण देने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि बिहार पुलिस मुख्यालय की पहल पर पुलिसकर्मियों की मृत्यु होने पर विशेष सैलरी पैकेज देने का निर्णय लिया गया है।

————————————————————————

अरवल जिले के कलेर थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या एक सौ उनतालीस पर सूर्य मंदिर के पास एक ट्रक और कार की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

———————————————————

मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुंढेरी गांव में अपराधियों की गोलीबारी में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार पैक्स चुनाव को लेकर आपसी रंजिश के कारण गोलीबारी की घटना हुई है।

———————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ा रमना मैदान से पुलिस ने चार अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————

पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने आज परिवार नियोजन पखवाड़ा के तहत जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

———————————————————

कटिहार रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या तीन पर ड्यूटी पर तैनात एक रेल अधिकारी विपिन कुमार सिंह की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई।

———————————————————

01. महिला एशियाई हॉकी चैंपियन्स ट्रॉफी के सेमीफाइनल में भारत की टीम कल जापान से खेलेगी। पहले सेमीफाइनल में चीन और मलेशिया का होगा मुकाबला।

02. बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने एसटीईटी परीक्षा परिणाम जारी किया। चार लाख तेईस हजार अभ्यर्थियों में दो लाख सत्तानवें हजार हुए पास।

03. पूर्व–मध्य रेलवे ने छठ बाद पूजा स्पेशल गाड़ियों का परिचालन विस्तार किया। कई विशेष रेलगाड़ियां तीस नवंबर तक चलेंगी।

04. और, राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकतर हिस्सों में पछुआ हवा के प्रभाव से ठंड में बढोत्तरी

————————————————————————

समाप्त